# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET) – 2021

## RAJASTHAN ELIGIBILITY EXAMINATION FOR TEACHERS (REET)-2021

## (माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर)

राजीव गाँधी विद्या भवन, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कॉलोनी, सिविल लाइन्स, अजमेर–305001
Website : http://rajeduboard.rajasthan.gov.in/reet2021
Email ID : reetbser@gmail.com
फोन नं. (0145) 2630436, 2630437

### विज्ञप्ति संख्या : 01/2021

**राजस्थान सरकार** के निर्देशानुसार "राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)--2021" के आयोजन के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर नोडल एजेंसी है। यह परीक्षा **25 अप्रेल, 2021** (रविवार) को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। इसके लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑन–लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. **पात्रता :** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा (23) की उप धारा (1) के अन्तर्गत राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की अधिसूचना दिनांक 23, अगस्त 2010 (सपठित 29 जुलाई 2011) एवं समय–समय पर जारी अधिसूचनाओं द्वारा संशोधित मापदण्डानुसार व माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार "राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा, 2021" में सम्मिलित होने हेतु योग्यताएँ एवं न्यूनतम अंक प्रतिशत विभिन्न वर्गों के लिए निर्धारित है, जिसकी विस्तृत जानकारी बोर्ड की वेबसाईट पर दिनांक 11.01.2021 से उपलब्ध रहेगी।
2. **ऑनलाइन आवेदन एवं REET-2021 परीक्षा से सम्बंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नानुसार हैं :**

| | |
|---|---|
| ऑन–लाईन आवेदन पत्र की उपलब्धता | दिनांक 11.01.2021 से 08.02.2021(रात्रि 12.00 बजे तक) |
| चालान मुद्रित कर निर्धारित बैंकों की शाखा पर शुल्क जमा कराने की आरम्भ एवं अन्तिम तिथि | दिनांक 11.01.2021 से 04.02.2021 तक |
| वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि | 14.04.2021 से |
| परीक्षा तिथि | 25.04.2021 (रविवार) |

3. **ऑन–लाईन आवेदन प्रक्रिया :–** राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)-2021 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाईट http://rajeduboard.rajasthan.gov.in/reet2021 पर ऑन–लाईन भरे जायेंगे। इस हेतु अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों तक वेबसाइट पर ऑन–लाईन आवेदन पत्र भरें। ऑन–लाईन आवेदन पत्र भरने के लिए अनुदेश व प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध होंगे। ऑन–लाईन के अतिरिक्त किसी भी प्रकार से किया गया आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। अभ्यर्थी को सर्वप्रथम नाम, पिता का नाम, माता का नाम, परीक्षा का स्तर (Level) एवं मोबाईल नम्बर अंकित कर सम्बन्धित बैंक/ऑन–लाईन भुगतान का चुनाव कर परीक्षा शुल्क जमा कराना होगा। बैंक से शुल्क का सत्यापन (Verification) होने के पश्चात ही अभ्यर्थी अपना परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेगा। शुल्क का सत्यापन वेबसाईट पर चालान नम्बर अंकित कर जाना जा सकेगा।
4. **परीक्षा शुल्क :–**
आवेदक अपनी पात्रता के अनुरूप निम्नानुसार परीक्षा शुल्क निर्धारित बैंकों के माध्यम से चालान/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिग/ई–मित्र से जमा करा सकेंगें।
   - स्तर प्रथम अथवा स्तर द्वितीय (केवल एक परीक्षा) हेतु : रूपये 550/–
   - स्तर प्रथम एवं स्तर द्वितीय (दोनों परीक्षाओं) हेतु : रूपये 750/–
5. **राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET-2021) की संरचना एवं विषयवस्तु परीक्षा पाठ्यक्रम (विस्तृत पाठ्यक्रम बोर्ड की वेबसाईट पर देखें)**

**स्तर प्रथम – (कक्षा 1 से कक्षा 5वीं तक) अधिकतम अंक : 150, समय 2.30 घण्टा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| खण्ड– I | बाल विकास एवं शिक्षण विधियाँ | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड– II | भाषा–I (हिन्दी/अंग्रेजी/संस्कृत/उर्दू/सिन्धी/पंजाबी/गुजराती) | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड– III | भाषा–II (हिन्दी/अंग्रेजी/संस्कृत/उर्दू/सिन्धी/पंजाबी/गुजराती) | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड– IV | गणित | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड– V | पर्यावरण अध्ययन | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |

**स्तर द्वितीय – (कक्षा 6 से कक्षा 8वीं तक) अधिकतम अंक : 150 समय 2.30 घण्टा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| खण्ड– I | बाल विकास एवं शिक्षण विधियाँ | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड– II | भाषा–I (हिन्दी/अंग्रेजी/संस्कृत/उर्दू/सिन्धी/पंजाबी/गुजराती) | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड– III | भाषा–II (हिन्दी/अंग्रेजी/संस्कृत/उर्दू/सिन्धी/पंजाबी/गुजराती) | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड– IV | (अ) गणित एवं विज्ञान के शिक्षक हेतु – IV (अ) गणित एवं विज्ञान विषय<br>या<br>(ब) सामाजिक अध्ययन के शिक्षक हेतु – IV (ब) सामाजिक अध्ययन विषय<br>या<br>(स) अन्य विषय के शिक्षक हेतु – IV (अ) अथवा IV (ब) में से कोई एक | 60 बहु विकल्प प्रश्न | 60 अंक |

6. **परीक्षा प्रक्रिया एवं आयोजन :–**

I. **परीक्षा की दिनांक** :– 25 अप्रेल, 2021 (रविवार)

II. **समय :** प्रथम पारी परीक्षा : **स्तर द्वितीय** (कक्षा–6 से 8) – प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक
द्वितीय पारी परीक्षा : **स्तर प्रथम** (कक्षा–1 से 5) – अपरान्ह 2.30 बजे से सांय 5.00 बजे तक

**नोटः–** ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने प्रथम स्तर व द्वितीय स्तर दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन किया है उन्हें दोनों परीक्षाओं के निर्धारित समय पर परीक्षा देनी होगी। किसी भी अभ्यर्थी को सम्बंधित परीक्षा की निर्धारित अवधि समाप्त होने से पूर्व परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

III. **परीक्षा प्रवेश पत्र** :– REET कार्यालय द्वारा प्रवेश पत्र http://rajeduboard.rajasthan.gov.in/reet2021 वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाऐंगे। इस बाबत सूचना समाचार पत्रों एवं वेबसाइट के माध्यम से जारी की जाएगी। उपलब्ध संसाधनों के आधार पर प्रवेश पत्र सम्बन्धी सूचना ई–मेल अथवा मोबाइल नम्बर पर संदेश (SMS) से भी भेजी जा सकती है। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र वेबसाइट से भी डाउनलोड कर सकते है, इस हेतु आवेदन पत्र तथा चालान की प्रति सुरक्षित रखें। डाक द्वारा प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे।

**नोटः–**

1. ऑन–लाईन आवेदन पत्र हेतु शैक्षणिक अर्हता, पात्रता मापदण्ड, परीक्षा शुल्क, परीक्षा संरचना, परीक्षा का विस्तृत पाठ्यक्रम, परीक्षा का स्वरूप, प्रक्रिया एवं आयोजन तथा अन्य शर्तो सहित विस्तृत दिशा निर्देश उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
2. **ऑन–लाईन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से किये गए आवेदन पत्र स्वीकार एवं विचारणीय नहीं होंगे।**
3. इस परीक्षा के संबंध में अन्य अग्रेतर दिशा निर्देश वेबसाइट/समाचार पत्रों के माध्यम से समय–समय पर सूचित किए जाएंगे।
4. परीक्षार्थी ऑन–लाईन आवेदन करते समय विषय चयन सहित सभी विवरण सावधानी पूर्वक एवं त्रुटि रहित भरें।
5. ऑनलाइन भुगतान अथवा चालान के द्वारा आवेदन शुल्क जमा करवाने के पश्चात भी यदि आवेदन पत्र का प्रिंट नहीं निकलता है तो निर्धारित अवधि में वेबसाइट पर दिये गये दूरभाष/मोबाइल नम्बर पर संपर्क करें।

**समन्वयक**
राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा(REET)–2021